झारखंड लोक सेवा आयोग,
सर्कुलर रोड, राँची
"निविदा"

झारखंड लोक सेवा आयोग कार्यालय में अधिष्ठापित विभिन्न मशीन एवं उपकरणों की मरम्मति हेतु AMC (Annual Maintainance Contract) के निमित निविदा आमंत्रण के संबंध में।

झारखंड लोक सेवा आयोग कार्यालय में अधिष्ठापित निम्न वर्णित मशीन एवं उपकरणों की मरम्मति हेतु रखरखाव के निमित AMC (Annual Maintainance Contract) के लिए निबंधित एवं प्रतिष्ठित प्रतिष्ठानों से Two Bid प्रणाली (वित्तीय विड एवं तकनीकी विड) के तहत मुहरबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है।

विभिन्न मशीन एवं उपकरणों की विवरण जिनके ए०एम०सी० के लिए निविदा आमंत्रित की जा रही है, उनकी सूची कंडिका **A, B एवं C** में निम्नवत् है :–

(A)

क्र०सं०	मशीन एवं उपकरण का नाम एवं संख्या	निर्माता कंपनी का नाम
1	एअर कंडीशनर – 22 अदद	Carrier Window A.C. – 10, Carrier Split A.C. – 04, Hitachi Split A.C. – 03, Hitachi Cassette Type A.C. – 01, Voltas Split A.C. – 02, Electrolux A.C. - 02

(B)

क्र०सं०	मशीन एवं उपकरण का नाम एवं संख्या	निर्माता कंपनी का नाम
1	ई०पी०बी०एक्स सिस्टम – 01 अदद (With 30 Analog & 5 Digital) (वर्तमान में कुल 14 लाईन चालू हैं)	एल०जी०
2	फैक्स मशीन – 02 अदद	एच०पी०
3	Internet Leaseline equipment + Wifi System - 1	बी०एस०एन०एल०

(C)

क्र०सं०	मशीन एवं उपकरण का नाम एवं संख्या	निर्माता कंपनी का नाम
1	कम्पयूटर – 16 अदद	डेल–03 अदद, आई०बी०एम०–08 अदद, एच०सी०एल०–02 अदद, एल०जी०–03
2	कम्पयूटर सर्वर – 01 अदद	आई०बी०एम०
3	कम्पयूटर प्रिन्टर – 09 अदद	एच०पी०
4	यू०पी०एस० – 03	ए०सी०पी०एल०

कृ०पृ०उ०

निविदा की सामान्य शर्ते :–

1. निविदादाता इच्छानुसार एक अथवा एक से अधिक मशीन एवं उपकरणों के लिए AMC (Annual Maintenance Contract) का प्रस्ताव दे सकते हैं। **परन्तु उपरोक्त कंडिका A, B एवं C में अंकित मशीन एवं उपकरणों के लिए अलग–अलग निविदा समर्पित करना अनिवार्य होगा। एक ही निविदा में उपरोक्त कंडिका A, B एवं C में अंकित सामग्रियों की लिए निविदा दिये जाने पर यह अनुमान्य नहीं होगा।**
2. निविदादाता किसी एक कार्य दिवस को आवश्यकतानुसार मशीन एवं उपकरणों का निरीक्षण कर सकते हैं। निरीक्षण के दौरान यह संभव है कि उपर अंकित सामग्रियों की संख्या कम या अधिक हो सकती है।
3. निविदादाता द्वारा वित्तीय विड में सभी कर सहित अलग–अलग निम्न प्रपत्र मे ए0एम0सी0 का दर उद्धृत करना होगा :–

क्र0सं0	**उपकरण का नाम**	**प्रति यूनिट दर**	**कुल उपकरणों के लिए प्रस्तावित दर**

4. निविदा AMC with Accessories (Rate for one year with all consumable Parts, all spare parts and all accessories) तथा AMC without Accessories के रूप मे दिया जा सकता है।
5. निर्माता कंपनी के अधिकृत विक्रेता/Service Centre को निविदा में प्राथमिकता दी जाएगी।
6. मशीन एवं उपकरणों में खराबी आने पर चौबीस घंटे के अन्दर तकनीशियन की सेवा उपलब्ध कराया जाना आवश्यक होगा।
7. तकनीकी विड एवं वित्तीय विड दो अलग–अलग सीलबन्द लिफाफे मे डाला जाना आवश्यक है।
8. निविदादाता द्वारा तकनीकी विड में सेवा कर निबंधन संख्या (Service Tax Registration Number) तथा आयकर पैन संख्या (Income Tax PAN Number) एवं तत्संबंधी अद्यतन समर्पित रिटर्न की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक होगा।
9. बिना कारण बताये निविदा को अधोहस्ताक्षरी द्वारा रद्द किये जाने का अधिकार सुरक्षित होगा।
10. निविदादाता द्वारा प्रेषित निविदा में उपरोक्त किसी भी शर्त के अपूर्ण रहने की स्थिति अथवा वांछित प्रमाण पत्र निविदा मे संलग्न नहीं रहने तथा निविदा खोलने की तिथि को संलग्न सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति प्रस्तुत नहीं करने पर उक्त निविदा स्वतः रद्द मानी जायेगी।

कृ0पृ0उ0

11. क्रय समिति द्वारा स्वीकृत निविदा न्यूनतम एक वर्ष अथवा अगले निविदा के अनुमोदित होने तक मान्य रहेगा।
12. **अग्रधन** :– निविदादाता को अग्रधन के रूप में रू0 5,000/– (रूपये पाँच हजार मात्र) का बैंक ड्राफ्ट तथा निविदा शुल्क के रूप में रू0 250/– (रूपये दो सौ पचास मात्र) का बैंक ड्राफ्ट आवेदित निविदा के तकनीकी विड के साथ आवेदित ग्रुप A, B, C के लिए अलग–अलग संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट झारखंड लोक सेवा आयोग के नाम से देय तथा भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा, राँची में भुगतेय होगा।
13. निविदा से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के निपटारे का न्यायिक क्षेत्र राँची होगा।

निविदा से संबंधित कार्यक्रम निम्नवत् होंगे :–

1. निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक–31.05.2013 सांय 5:00 बजे।
2. निविदा के तकनीकी विड एवं वित्तीय विड खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–03.06.2013 को अपराह्न 3.30 बजे।
3. निविदा प्रेषण का पता :– सचिव, झारखंड लोक सेवा आयोग, सर्कुलर रोड राँची–834001
4. उक्त निविदा आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर भी उपलब्ध है।

ह0/–
सचिव,
झारखंड लोक सेवा आयोग, राँची।

ज्ञापांक :– 1/ले0–झा0लो0से0आ0–23/2011 (पार्ट)...1370 **राँची, दिनांक** ...14.05.2013

प्रतिलिपि :– प्रतिनिधि, मेसर्स आई0सी0एन0 इण्डिया प्रा0 लि0 को निदेश दिया जाता है कि उपरोक्त निविदा आयोग के वेबसाईट पर जारी किया जाय।

14/05/13
सचिव,
झारखंड लोक सेवा आयोग, राँची।

14/5/13